**Assistant Provident Fund Commissioner (APFC) Exam 2012**

# APFC Exam 2012 Question Paper & Answer Key

## SERIES - D

9/23/2012

**Union Public Service Commission (UPSC) has advertised for filling up the posts of Assistant Public Provident Fund Commissioner (APFC). These posts are to be filled in Employee Provident Fund Organization under Ministry of Labour & Employment. Written Test was conducted on 23 September 2012.**

1. यदि P का 20% = Q का 30% = R का $\frac{1}{6}$, तो P : Q : R क्या है ?
(a) 2 : 3 : 16
(b) 3 : 2 : 16
(c) 10 : 15 : 18
(d) 15 : 10 : 18

2. कोई पेड़ वार्षिक रूप से अपनी ऊँचाई का $\frac{1}{8}$ बढ़ जाता है। यदि पेड़ इस समय 64 cm ऊँचा है, तो 2 वर्षों बाद इसकी ऊँचाई क्या होगी ?
(a) 72 cm
(b) 74 cm
(c) 81 cm
(d) 85 cm

3. किसी त्रिभुज GHL की भुजाएँ GH = 65 m, HL = 75 m और LG = 80 m है। इस त्रिभुज का क्षेत्रफल क्या है ?
(a) 2100 $m^2$
(b) 2160 $m^2$
(c) 2200 $m^2$
(d) 2280 $m^2$

4. तीन दत्त समुच्चय तुलनीय स्थिति में नीचे दिए गए हैं :

| समुच्चय सं. | दत्त सं. | माध्य मान | मानक विचलन |
|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 8 | 1.6 |
| 2 | 12 | 7 | 1.2 |
| 3 | 15 | 9 | 1.4 |

सभी दत्त समुच्चयों पर एक साथ विचार करते हुए, समग्र माध्य मान क्या होगा ?
(a) 7·24
(b) 7·66
(c) 8·08
(d) 8·50

5. कोई रेलगाड़ी किसी निश्चित औसत चाल से चल कर 63 km की दूरी तय करती है। तत्पश्चात् यह रेलगाड़ी मूल चाल से 6 km/घंटे अधिक की औसत चाल से चल कर 72 km की दूरी तय करती है। इस यात्रा को पूरी करने में कुल 3 घंटे लगे। रेलगाड़ी की मूल माध्य चाल क्या है?
(a) 36 km/घंटा
(b) 42 km/घंटा
(c) 48 km/घंटा
(d) 54 km/घंटा

6. किसी 1 cm व्यास और 8 cm लंबाई वाले लोह दंड को खींचकर एकसमान मोटाई वाले 18 m लंबे तार में बदल दिया गया है। तार की मोटाई क्या होगी ?
(a) $\frac{1}{21}$ cm
(b) $\frac{1}{18}$ cm
(c) $\frac{1}{15}$ cm
(d) $\frac{1}{12}$ cm

7. कोई 60 m लंबी रेलगाड़ी 72 km/घंटे की एकसमान चाल से चल रही है। यह रास्ते के किनारे के किसी स्टेशन के 600 m प्लेटफार्म से होते हुए बिना रुके गुजरती है। प्लेटफार्म से रेलगाड़ी के पूरी तरह गुजर जाने में व्यतीत समय कितना है ?
(a) 30 सेकंड
(b) 31 सेकंड
(c) 32 सेकंड
(d) 33 सेकंड

8. रेलगाड़ी A, 75 m लंबी है और 54 km/घंटे की एकसमान चाल से चल रही है। रेलगाड़ी B, 125 m लंबी है और रेलगाड़ी A की विपरीत दिशा में 36 km/घंटे की एकसमान चाल से चल रही है। अगर ये रेलगाड़ियां किसी द्विपथ मार्गखंड पर एक-दूसरे को पार कर रही हैं, दोनों रेलगाड़ियों को एक-दूसरे से पूरी तरह गुजर जाने में कितना समय लगेगा ?
(a) 10 सेकंड
(b) 8 सेकंड
(c) 7.2 सेकंड
(d) 6.6 सेकंड

9. पृथ्वी पर प्राणियों और वनस्पतियों का वृहत्तम अभिज्ञेय समुच्चय, बायोम, मुख्यत: किससे नियंत्रित है ?
(a) जैव सक्रियता
(b) भू-आकृति
(c) जलवायु
(d) मृदा

10. Despite having huge coal reserve in our country, why do we import millions of tons of coal ?
   1. It is policy of Govt. of India to save its own coal reserve for future use and import now from other countries for present use.
   2. Most of the thermal plants in our country are coal based and they are unable to get sufficient coal supply from our coal mines.
   3. Steel plants require large quantities of coking coal which we do not have, coking coal is to be imported from other countries.

   (a) 1, 2 and 3
   (b) 2 and 3 only
   (c) 1 and 2 only
   (d) 1 and 3 only

11. For calculating Body Mass Index (BMI), weight of the person (in kg) is divided by the :
   (a) Square of the weight (in kg)
   (b) Square of the height (in meters)
   (c) Square root of the height (in meters)
   (d) Vitamins intake

***Directions :—***

**Each of the next Four (04) items consists of two statements, one labeled as the 'Statement (I)' and the other as 'Statement (II)'. You are to examine these two statements carefully and select the answers to these items using the codes given below :**

***Codes :***

**(a) Both Statement (I) and Statement (II) are individually true and Statement (II) is the correct explanation of Statement (I)**

**(b) Both Statement (I) and Statement (II) are individually true but Statement (II) is *NOT* the correct explanation of Statement (I)**

**(c) Statement (I) is true but Statement (II) is false**

**(d) Statement (I) is false but Statement (II) is true**

12. Statement (I) : Industrial relation is currently more influenced by the external market forces than the power play between employers and employees.

   Statement (II) : The forces of globalization have made competition so imperative that unions and their tactics like stopping productivity no more hold good.

13. Statement (I) : Every State in India has a High Court in its (State's) territory.

   Statement (II) : As per constitution of India, each State is provided to have a High Court.

14. Statement (I) : The Directive Principles of State Policy enshrined in the constitution, aim at providing the social and economic base of a genuine democracy.

   Statement (II) : The Directive Principles are merely directives which the government has to keep in mind while framing policy and is not enforceable through courts.

15. Statement (I) : In order to produce electric power from a geothermal reservoir, temperature above 180° is required.

   Statement (II) : To drive steam turbines, high temperature steam is used.

(Contd.)

10. अपने देश में विशाल कोयला भंडार रहने के बावजूद, हम कई मिलियन टन कोयला आयात क्यों करते हैं ?

1. भारत सरकार की यह नीति है कि अपना कोयला भंडार भविष्य के उपयोग के लिए बचाकर रखें और वर्तमान उपयोग के लिए अभी अन्य देशों से आयात करें।
2. हमारे देश में अधिकांश तापीय संयंत्र कोयला आधारित है, और उन्हें हमारे कोयला-खदानों से पर्याप्त कोयला पूर्ति नहीं मिल पाती।
3. इस्पात संयंत्रों को वृहत मात्रा में कोककारी कोयले की आवश्यकता होती है जो हमारे पास नहीं है, कोककारी कोयला अन्य देशों से आयात करना होता है।

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 2
(d) केवल 1 और 3

11. शरीर द्रव्यमान सूचकांक (BMI) के परिकलन के लिए, व्यक्ति के भार (kg में) में किसका भाग देते हैं ?

(a) भार का वर्ग (kg में)
(b) ऊँचाई का वर्ग (मीटर में)
(c) ऊँचाई का वर्गमूल (मीटर में)
(d) विटामिनों की अंतर्ग्रहण मात्रा

*निर्देश :—*

अगले चार (04) प्रश्नांशों में प्रत्येक में दो कथन हैं, एक को कथन (I) और दूसरे को कथन (II) कहा गया है। आपको इन दोनों कथनों की सावधानीपूर्वक परीक्षा करनी है और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर इन प्रश्नांशों के उत्तर चुनने हैं :

कूट :

(a) दोनों कथन (I) और कथन (II) व्यष्टितः सत्य हैं और कथन (II), कथन (I) का सही स्पष्टीकरण है।
(b) दोनों कथन (I) और कथन (II) व्यष्टितः सत्य हैं किंतु कथन (II), कथन (I) का सही स्पष्टीकरण *नहीं* है।
(c) कथन (I) सत्य है, किंतु कथन (II) असत्य है।
(d) कथन (I) असत्य है, किंतु कथन (II) सत्य है।

12. कथन (I) : वर्तमान में औद्योगिक संबंध, नियोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच शक्ति प्रदर्शन की बजाय बाह्य बाजार बलों से अधिक प्रभावित है।

कथन (II) : विश्वव्यापीकरण के बलों ने प्रतियोगिता को इतना अनिवार्य बना दिया है कि संघ और, उत्पादकता रोकने जैसी, उनकी चालें अब किसी काम की नहीं हैं।

13. कथन (I) : भारत में प्रत्येक राज्य का अपने (राज्य के) राज्य-क्षेत्र में उच्च न्यायालय है।

कथन (II) : भारत के संविधान के अनुसार, प्रत्येक राज्य का एक उच्च न्यायालय होना उपबंधित है।

14. कथन (I) : संविधान में प्रतिष्ठापित राज्य की नीति के निदेशक तत्व, वास्तविक लोकतंत्र का सामाजिक और आर्थिक आधार प्रदान करने का उद्देश्य रखते हैं।

कथन (II) : नीति के निदेशक तत्व निदेश मात्र हैं, जिन्हें सरकार को नीतिनिर्माण करते समय ध्यान में रखना होता है, और वे न्यायालयों द्वारा प्रवर्तनीय नहीं हैं।

15. कथन (I) : किसी भू-तापीय कुंड से विद्युत शक्ति उत्पादित करने के लिए 180° से ऊपर का तापमान आवश्यक है।

कथन (II) : भाप टरबाइनों को चलाने के लिए, उच्च तापमान की भाप प्रयुक्त होती है।

16. Which one of the following sets of industries were among first modern industries in India ?
(a) Tea, Cotton and Sugar
(b) Jute, Silk and Cotton
(c) Cotton, Jute and Coal-Mines
(d) Sugar, Silk and Steel

17. The regional project by name 'CASA-1000' (Central Asia-South Asia-1000), funded by World Bank, pertains to the field of :
(a) Eradication of HIV AIDS
(b) Roads and Buildings
(c) Electricity
(d) Eradication of illiteracy

18. The Endeavour of 'Janani Suraksha Yojana' Programme is to :
1. Promote institutional deliveries
2. Provide monetary assistance to the mother to meet the cost of delivery
3. Provide for wage loss due to pregnancy and confinement
(a) 1 and 2 only
(b) 1 and 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

19. 'Kyoto Protocol', an agreement signed by various countries, is associated with :
(a) International trade
(b) Deep sea oil and mineral exploration
(c) Clean environment and climate change
(d) Building common food stock to save human being from any natural disaster

20. Which of the following can be threats to the biodiversity of a geographical area ?
1. Global warming
2. Fragmentation of habitats
3. Invasion of alien species
4. Promotion of vegetarianism
(a) 1, 2 and 3 only
(b) 1, 2 and 4 only
(c) 3 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

21. Vultures, which were very common in our countryside a few years ago, are rarely seen nowadays. This is attributed to one of the following :
(a) Destruction of their nesting sites by new invasive species
(b) A drug used by cattle owners for treating their diseased cattle
(c) Scarcity of food available to them
(d) A widespread, persistent and fatal disease amongst them

22. Who won the Golden Boot Award in the *recently concluded UEFA Euro 2012 ?*
(a) Fernando Torres (Spain)
(b) Mario Balotelli (Italy)
(c) Cristiano Ronaldo (Portugal)
(d) Mario Gomez (Germany)

23. Which of the following sets of countries has only federations ?
(a) New Zealand, India, Zimbabwe and Argentina
(b) Malaysia, Australia, Nigeria and Brazil
(c) India, Nepal, Sri Lanka and South Africa
(d) France, Germany, Sweden and Switzerland

16. निम्नलिखित उद्योग-समुच्चयों में से कौन-से एक के उद्योग, भारत में सर्वप्रथम आधुनिक उद्योगों में थे ?

(a) चाय, कपास और चीनी
(b) जूट, रेशम और कपास
(c) कपास, जूट और कोयला-खदान
(d) चीनी, रेशम और इस्पात

17. विश्व बैंक द्वारा वित्त-पोषित क्षेत्रीय परियोजना, नामत: 'CASA-1000' (सेंट्रल एशिया-साउथ एशिया-1000) किसके क्षेत्र से संबंधित है ?

(a) HIV AIDS का उन्मूलन
(b) सड़क और भवन
(c) बिजली
(d) निरक्षरता का उन्मूलन

18. 'जननी सुरक्षा योजना' कार्यक्रम :

1. संस्थानिक प्रसव को बढ़ावा देने का प्रयास करता है।
2. प्रसव के खर्च को पूरा करने के लिए मां को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास करता है।
3. सगर्भता और प्रसूति के कारण मजदूरी में हुई हानि के संभरण का प्रयास करता है।

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

19. विभिन्न देशों द्वारा हस्ताक्षरित करार 'क्योटो प्रोटोकॉल' किससे संबद्ध है ?

(a) अंतरराष्ट्रीय व्यापार
(b) गंभीर सागर तेल और खनिज अन्वेषण
(c) स्वच्छ पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन
(d) किसी प्राकृतिक आपदा से मानव जीवन को बचाने के लिए सामान्य खाद्य-भंडार बनाना

20. किसी भौगोलिक क्षेत्र की जैव-विविधता के लिए निम्नलिखित में से किससे खतरा हो सकता है ?

1. भूमंडलीय तापन
2. आवासों का विखंडन
3. बाह्य जातियों का हमला
4. शाकाहार को बढ़ावा देना

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 1, 2 और 4
(c) केवल 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

21. कुछ वर्षों पूर्व हमारे देहातों में गिद्धों का पाया जाना बहुत आम था, जो आजकल कभी-कभार ही दिखाई देते हैं। इसका निम्नलिखित में से कौन-सा एक कारण है ?

(a) नयी हमलावर जातियों द्वारा उनके नीड़-स्थलों का विनाश
(b) पशुपालकों द्वारा अपने बीमार मवेशियों पर उपचार हेतु प्रयुक्त एक औषध
(c) उनके लिए उपलब्ध खाद्य का अभाव
(d) उनमें निरंतर और घातक बीमारी बड़ी मात्रा में फैलना

22. हाल ही में संपन्न UEFA यूरो 2012 में किसने गोल्डन बूट अवार्ड जीता ?

(a) फरनान्डो टॉरेस (स्पेन)
(b) मारियो बालोटेली (इटली)
(c) क्रिस्टियानो रोनॉल्डो (पुर्तगाल)
(d) मारियो गोमेज़ (जर्मनी)

23. निम्नलिखित में से देशों के किस समुच्चय में केवल संघ हैं ?

(a) न्यूजीलैंड, भारत, जिम्बाब्वे और अर्जेंटिना
(b) मलेशिया, आस्ट्रेलिया, नाइजीरिया और ब्राज़ील
(c) भारत, नेपाल, श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका
(d) फ्रांस, जर्मनी, स्वीडन और स्विट्ज़रलैंड

24. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the lists :

| List-I (Person) | List-II (Company) |
|---|---|
| A. Steve Jobs | 1. Google |
| B. Sheryl Sandberg | 2. Apple |
| C. Larry Page | 3. Yahoo |
| D. Ross Levinsohn | 4. Facebook |

***Code :***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

25. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the lists :

| List-I (Book) | List-II (Author) |
|---|---|
| A. Rahul Dravid : Timeless Steel | 1. Steve Waugh and Nasser Hussain |
| B. An Ashes Summer | 2. Greg Chappell |
| C. Sachin : A Hundred Hundreds Now | 3. Mike Atherton |
| D. Opening Up : My autography | 4. V. Krishnaswamy |

***Code :***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

26. Why was Justice Dalveer Bhandari in the news recently ?
   (a) He became member of UN Human Rights Council.
   (b) He was elected to the International Court of Justice.
   (c) He became Director General of World Trade Organization.
   (d) He became Secretary-General of SAARC.

27. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the lists :

| List-I (Head) | List-II (Institution) |
|---|---|
| A. Jim Yong Kim | 1. President, World Bank |
| B. Kamlesh Sharma | 2. Secretary-General, Commonwealth |
| C. Christine Lagarde | 3. Managing Director, IMF |
| D. Catherine Day | 4. Secretary-General of the European Commission |

***Code :***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

28. A cultivator has about two hectares of rain fed land without irrigation facilities. Which type of crops would he like to grow ?
   1. Jowar
   2. Cotton
   3. Arhar
   4. Potatoes

   (a) 1, 2, 3 and 4
   (b) 1, 2 and 3 only
   (c) 2 and 4 only
   (d) 1 and 3 only

24. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I (व्यक्ति) | सूची-II (कंपनी) |
|---|---|
| A. स्टीव जॉब्स | 1. गूगल |
| B. शेरील सैंडबर्ग | 2. ऐपल |
| C. लैरी पेज | 3. याहू |
| D. रॉस लेविन्सॉन | 4. फेसबुक |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

25. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I (पुस्तक) | सूची-II (लेखक) |
|---|---|
| A. राहुल द्रविड : टाइमलेस स्टील | 1. स्टीव वाग और नासेर हुसैन |
| B. ऍन ऐशेज समर | 2. ग्रेग चैपल |
| C. सचिन : ए हन्ड्रेड हन्ड्रेड्स नाऊ | 3. माइक एथरटॅन |
| D. ओपनिंग अप : माइ ऑटोग्राफी | 4. वी. कृष्णास्वामी |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

26. हाल ही में न्यायमूर्ति दलवीर भंडारी समाचारों में क्यों आए ?

(a) वे UN मानवाधिकार परिषद के सदस्य बने

(b) वे अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में निर्वाचित हुए

(c) वे विश्व व्यापार संगठन के महानिदेशक बने

(d) वे SAARC के महासचिव बने

27. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I (प्रमुख) | सूची-II (संस्था) |
|---|---|
| A. जिम यॉंग किम | 1. अध्यक्ष, विश्व बैंक |
| B. कमलेश शर्मा | 2. महासचिव, कामनवेल्थ |
| C. क्रिस्टिन लागार्डे | 3. प्रबंध निदेशक, IMF |
| D. कैथरीन डे | 4. यूरोपियन कमिशन की महासचिव |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

28. किसी कृषक के पास बिना सिंचाई की सुविधा वाली लगभग दो हेक्टेयर वर्षा-सिंचित भूमि है। वह किस प्रकार की फसल उगाना पसंद करेगा ?

1. जवार
2. कपास
3. अरहर
4. आलू

(a) 1, 2, 3 और 4

(b) केवल 1, 2 और 3

(c) केवल 2 और 4

(d) केवल 1 और 3

29. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the lists :

| *List-I* | *List-II* |
|---|---|
| A. Buxa Tiger Reserve | 1. Rajasthan |
| B. Periyar Tiger Reserve | 2. Gujarat |
| C. Sariska National Park | 3. West Bengal |
| D. Wild Ass Sanctuary | 4. Kerala |

***Code :***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

30. Which one of the following statements is true about red soil ?
(a) It is rich in humus.
(b) It is rich in potash.
(c) It is rich in iron compounds.
(d) It is derived from volcanic origin.

31. Gun metal is an alloy of
(a) Copper, Tin and Zinc
(b) Aluminium, Tin and Steel
(c) Copper, Steel and Zinc
(d) Aluminium, Tin and Zinc

32. If the electrical resistance of a typical substance suddenly drops to zero, then the substance is called :
(a) Semiconductor
(b) Conductor
(c) Superconductor
(d) Super semiconductor

33. The material used for electric fuse is an alloy of tin and lead. This alloy should have :
(a) High specific resistance and low melting point.
(b) Low specific resistance and high melting point.
(c) Low specific resistance and low melting point.
(d) High specific resistance and high melting point.

34. The word FTP stands for :
(a) File Transit Provision
(b) File Translate Protocol
(c) File Transfer Provision
(d) File Transfer Protocol

35. RAM stands for :
(a) Random Access Memory
(b) Read Access Memory
(c) Random Attribute Memory
(d) Random Applicable Memory

36. Which of the following is also known as brain of computer ?
(a) Monitor
(b) Arithmetic Logic Unit (ALU)
(c) Control Unit
(d) Central Processing Unit (CPU)

37. A technique in which data is written to two duplicate disks simultaneously, is called :
(a) Mirroring
(b) Multiplexing
(c) Duplicating
(d) Copying

38. The term 'e-Waste' refers to :
(a) The files that are deleted and enter the 'Waste-bin' folder in a computer.
(b) The temporary files, folders, links etc. that are rarely used in a computer
(c) The electronic products such as mobiles, PCs etc. that are disposed off after their useful life
(d) A portal that offers services for collecting household waste

39. CAD stands for :
(a) Computer Aided Design
(b) Computer Application in Design
(c) Coded Algorithm in Design
(d) Coded Addressable Design

29. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. बक्सा बाघ अभयारण्य | 1. राजस्थान |
| B. पेरियार बाघ अभयारण्य | 2. गुजरात |
| C. सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान | 3. पश्चिम बंगाल |
| D. वन्य गर्दभ पशुविहार | 4. केरल |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

30. लाल मिट्टी के बारे में निम्नलिखित में कौन-सा एक कथन सत्य है ?
(a) यह ह्यूमस में समृद्ध है
(b) यह पोटाश में समृद्ध है
(c) यह लोह यौगिकों में समृद्ध है
(d) यह ज्वालामुखीय उद्गम से प्राप्त की गई है

31. गन मेटल किनकी मिश्रधातु है ?
(a) ताम्र, टिन और जस्त
(b) एल्यूमिनियम, टिन और इस्पात
(c) ताम्र, इस्पात और जस्त
(d) एल्यूमिनियम, टिन और जस्त

32. यदि किसी प्रारूपिक द्रव्य का वैद्युत प्रतिरोध अकस्मात् गिर कर शून्य हो जाता है, तो वह द्रव्य क्या कहलाता है ?
(a) अर्धचालक
(b) चालक
(c) अतिचालक
(d) अति अर्धचालक

33. बिजली के फ्यूज के लिए प्रयुक्त पदार्थ टिन और सीसे की मिश्रधातु होती है। इस मिश्रधातु में :
(a) उच्च विशिष्ट प्रतिरोधकता और निम्न गलनांक होना चाहिए
(b) निम्न विशिष्ट प्रतिरोधकता और उच्च गलनांक होना चाहिए
(c) निम्न विशिष्ट प्रतिरोधकता और निम्न गलनांक होना चाहिए
(d) उच्च विशिष्ट प्रतिरोधकता और उच्च गलनांक होना चाहिए

34. FTP शब्द किसके लिए है ?
(a) फाइल ट्रांजिट प्रॉविजन
(b) फाइल ट्रांसलेट प्रोटोकॉल
(c) फाइल ट्रांसफर प्रॉविजन
(d) फाइल ट्रांसफर प्रोटोकॉल

35. RAM किसके लिए है ?
(a) रैंडम ऐक्सेस मेमरी
(b) रीड ऐक्सेस मेमरी
(c) रैंडम एट्रिब्यूट मेमरी
(d) रैंडम एप्लिकेबल मेमरी

36. निम्नलिखित में किसे, कंप्यूटर के दिमाग के रूप में भी जाना जाता है ?
(a) मॉनिटर
(b) अरियमेटिक लॉजिक यूनिट (ए एल यू)
(c) कन्ट्रोल यूनिट
(d) सेन्ट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (सी पी यू)

37. एक तकनीक जिसमें दत्त को दो द्विक डिस्कों पर साथ-साथ लिखा जाता है, क्या कहलाती है ?
(a) मिररिंग
(b) मल्टिप्लेक्सिंग
(c) डुप्लिकेटिंग
(d) कॉपीइंग

38. शब्द e-अपशेष (e-waste) किसे निर्दिष्ट करता है ?
(a) कम्प्यूटर में मिटाई (डिलीट की) हुई और अवशेष-धानी फोल्डर में आई हुई फाइलें
(b) वे अस्थायी फाइलें, फोल्डर, सहलग्न (लिंक) आदि, जो कम्प्यूटर में कभी-कभार ही उपयोग में आते हैं
(c) इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, जैसे कि मोबाइल, पीसी आदि जो उनके उपयोगी कार्यावधि के बाद निपटा दिए गए हों
(d) वह पोर्टल जो घरेलू अपशेष संग्रहण की सेवाएँ प्रदान करता है

39. CAD किसके लिए है ?
(a) कंप्यूटर एडेड डिजाइन
(b) कंप्यूटर एप्लिकेशन इन डिजाइन
(c) कोडेड एलगोरिथ्म इन डिजाइन
(d) कोडेड ऐड्रेसेबल डिजाइन

40. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the lists :

| List-I (Contribution) | List-II (Contributor) |
|---|---|
| A. Industrial Welfare Movement | 1. Charles A Myers |
| B. Human Relations Thought | 2. A.K. Rice |
| C. Concept of Third Force | 3. Robert Owen |
| D. Ahmedabad Experiment | 4. Elton Mayo |

***Code :***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

41. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the lists :

| List-I (Board/Committee) | List-II (Chairperson) |
|---|---|
| A. First National Commission on Labour, 1969 | 1. G.K. Chadha |
| B. Wage Board for Working Journalists, 2009 | 2. Ravindra Verma |
| C. Second National Commission on Labour, 2002 | 3. P.B. Gajendragadkar |
| D. Index Review Committee, 2009 | 4. G.R. Majithia |

***Code :***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

42. Which of the following is NOT covered by the Employees Provident Fund and Miscellaneous Provisions Act, 1952 ?
(a) Pension
(b) Provident Fund
(c) Deposit Linked Insurance
(d) Injury Compensation

43. Which of the following statements about Workmen's Compensation Act, 1923 is true ?
(a) It is not social security legislation.
(b) Its name has been changed to the Employee's Compensation Act in 2009.
(c) It provides maximum Compensation in the event of death.
(d) It does not provide compensation for occupational diseases.

44. Which of the following legislations is comprehensive social security legislation ?
(a) The Maternity Benefit Act
(b) The Employees State Insurance Act
(c) The Employees Compensation Act
(d) The Employees Provident Funds and Miscellaneous Provisions Act

45. What is the maximum limit of gratuity payable under the Payment of Gratuity Act, 1972 ?
(a) 3 Lakhs rupees
(b) 7·5 Lakhs rupees
(c) 10 Lakhs rupees
(d) 10.5 Lakhs rupees

46. In which part of the Indian Constitution, Worker's participation in Management has been incorporated ?
(a) The Preamble
(b) The Fundamental Rights
(c) The Directive Principles of State Policy
(d) None of the above

40. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I (योगदान) | सूची-II (योगदानकर्ता) |
|---|---|
| A. इंडस्ट्रियल वेलफेयर मूवमेंट | 1. चार्ल्स ए. मायर्स |
| B. ह्यूमन रिलेशंस थॉट | 2. ए.के. राइस |
| C. कॉन्सेप्ट ऑफ थर्ड फोर्स | 3. राबर्ट ओवेन |
| D. अहमदाबाद एक्सपेरिमेंट | 4. एल्टन मेयो |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

41. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I (बोर्ड/समिति) | सूची-II (अध्यक्ष) |
|---|---|
| A. श्रम पर प्रथम राष्ट्रीय आयोग, 1969 | 1. जी.के. चड्ढा |
| B. कामकाजी पत्रकारों के लिए मजदूरी बोर्ड, 2009 | 2. रवीन्द्र वर्मा |
| C. श्रम पर द्वितीय राष्ट्रीय आयोग, 2002 | 3. पी.बी. गजेन्द्रगडकर |
| D. सूचकांक पुनरीक्षण समिति, 2009 | 4. जी.आर. मजीठिया |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

42. निम्नलिखित में कौन-सा, कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 के अंतर्गत *नहीं है* ?

(a) पेंशन
(b) भविष्य निधि
(c) जमा-संबद्ध बीमा
(d) क्षति प्रतिकर

43. कर्मकार प्रतिकर अधिनियम, 1923 के बारे में निम्नलिखित में कौन-सा कथन सत्य है ?

(a) यह सामाजिक सुरक्षा विधान नहीं है
(b) इसका नाम 2009 में बदलकर कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम हो गया
(c) यह मृत्यु के होने पर अधिकतम प्रतिकर का उपबंध करता है
(d) यह उपजीविकाजन्य रोगों के लिए प्रतिकर का उपबंध नहीं करता

44. निम्नलिखित में कौन-सा विधान, व्यापक सामाजिक सुरक्षा विधान है ?

(a) प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम
(b) कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम
(c) कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम
(d) कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम

45. उपदान संदाय अधिनियम, 1972 के अधीन देय उपदान की अधिकतम सीमा क्या है ?

(a) 3 लाख रुपए
(b) 7·5 लाख रुपए
(c) 10 लाख रुपए
(d) 10.5 लाख रुपए

46. भारत के संविधान के किस भाग में, प्रबंधन में कामगार की सहभागिता समाविष्ट है ?

(a) उद्देशिका
(b) मूल अधिकार
(c) राज्य के नीति निदेशक तत्व
(d) उपर्युक्त में कोई नहीं



(Contd.)

47. Which of the following is the earliest to be constituted ?
   (a) Press Council of India
   (b) United News of India
   (c) NAM News Network
   (d) Press Trust of India

48. Which of the following statements is true about Industrial Policy since 1991 ?
   (a) Only 5 industries related to security, strategic and environmental concerns require industrial License.
   (b) An investor need not file an industrial entrepreneur Memorandum.
   (c) There is no reservation of products for production in small scale sectors.
   (d) The number of industries reserved for public sector has been enhanced.

49. The newly introduced rupee symbol is based on :
   (a) Roman and Greek script
   (b) Persian and Dravidian script
   (c) Roman and Devanagari script
   (d) Greek and Devanagari script

50. Which one of the following Institutions was NOT set up by the Constitution of India ?
   (a) Union Public Service Commission
   (b) Election Commission
   (c) Planning Commission
   (d) Union Judiciary

51. The Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act (MGNREGA) aims at enhancing livelihood security in rural areas of India by providing at least one hundred :
   (a) Days of guaranteed employment in a financial year to able adults in the Information Technology sector.
   (b) Days of guaranteed wage employment in a financial year to adult members of a rural household.
   (c) Meals to children of rural households in one financial year.
   (d) Employees for rural developmental schemes in a financial year.

52. One of the following Government of India programmes aims to help, build or upgrade dwelling units of below the poverty line rural families :
   (a) National Social Assistance Programme
   (b) Jawahar Rozgar Yojana
   (c) Indira Awas Yojana
   (d) Jawaharlal Nehru National Urban Renewal Mission

53. The following provision, "Protection of monuments and places and objects of national importance" is a :
   (a) Fundamental Right guaranteed by the Constitution of India
   (b) Directive Principle of State Policy of the Constitution of India
   (c) Fundamental Duty laid down by the Constitution of India
   (d) Presidential order in accordance with the Constitution of India

54. The Seventh schedule of the Constitution of India contains provisions regarding :
   (a) Scheduled Languages
   (b) Oaths and affirmations
   (c) Administration of Tribal areas
   (d) Union, State, Concurrent Lists

55. The Mid-Day Meal Scheme was launched in 1995 with the aim to :
   1. Enhance enrolment, retention and attendance of primary school children
   2. Improve the nutritional status of primary school children
   3. Improve the habit of reading among rural households
   4. Encourage the use of Tiffin boxes among primary school children

   (a) 1 and 2 only
   (b) 1 and 4 only
   (c) 2 and 3 only
   (d) 1, 2 and 4

47. निम्नलिखित में कौन-सा सर्वप्रथम गठित हुआ ?
(a) भारतीय प्रेस परिषद
(b) यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया
(c) NAM समाचार नेटवर्क
(d) भारतीय प्रेस ट्रस्ट

48. 1991 से औद्योगिक नीति के बारे में निम्नलिखित में कौन-सा कथन सत्य है ?
(a) सुरक्षा, सामरिक और पर्यावरणीय मामलों से संबंधित केवल 5 उद्योगों को ही औद्योगिक अनुज्ञप्ति की आवश्यकता होती है
(b) किसी निवेशक को औद्योगिक उद्यमी ज्ञापन फाइल करने की आवश्यकता नहीं है
(c) लघुमात्रा क्षेत्रकों में उत्पादन के लिए उत्पादों का कोई आरक्षण नहीं है
(d) सार्वजनिक क्षेत्रक के लिए आरक्षित उद्योगों की संख्या को बढ़ाया गया है

49. हाल ही में शुरू किया गया रुपये का प्रतीक-चिह्न किस पर आधारित है ?
(a) रोमन और यूनानी लिपि
(b) फारसी और द्रविड़ लिपि
(c) रोमन और देवनागरी लिपि
(d) यूनानी और देवनागरी लिपि

50. निम्नलिखित में से कौन-सी एक संस्था भारत के संविधान द्वारा गठित *नहीं* की गई थी ?
(a) संघ लोक सेवा आयोग
(b) निर्वाचन आयोग
(c) योजना आयोग
(d) संघ की न्यायपालिका

51. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA) का उद्देश्य, किसका उपबंध कर, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में जीविका सुरक्षा बढ़ाने का है ?
(a) सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में योग्य वयस्क को एक वित्तीय वर्ष में कम से कम एक सौ दिनों का गारंटीकृत रोजगार
(b) ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्य को एक वित्तीय वर्ष में कम से कम एक सौ दिनों का गारंटीकृत मजदूरी-रोजगार
(c) एक वित्तीय वर्ष में ग्रामीण परिवार के कम से कम एक सौ बच्चों को भोजन
(d) एक वित्तीय वर्ष में ग्रामीण विकास योजनाओं के लिए कम से कम एक सौ कर्मचारी

52. भारत सरकार का निम्नलिखित में से वह कौन-सा कार्यक्रम है जो गरीबी रेखा से नीचे के ग्रामीण परिवारों के आवास इकाइयों के निर्माण या कोटि उन्नयन में सहायता देने का लक्ष्य रखता है ?
(a) राष्ट्रीय समाज सहायता कार्यक्रम
(b) जवाहर रोजगार योजना
(c) इंदिरा आवास योजना
(d) जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन

53. 'राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों और स्थानों और वस्तुओं का संरक्षण,' यह उपबंध क्या है ?
(a) भारत के संविधान द्वारा गारंटीकृत मूल अधिकार
(b) भारत के संविधान के राज्य की नीति के निदेशक तत्व
(c) भारत के संविधान द्वारा निर्धारित मूल-कर्त्तव्य
(d) भारत के संविधान के अनुसरण में राष्ट्रपति का आदेश

54. भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची में किसके संबंध में उपबंध है ?
(a) अनुसूचित भाषाएं
(b) शपथ और प्रतिज्ञान
(c) जनजाति क्षेत्रों का प्रशासन
(d) संघ, राज्य, समवर्ती सूचियाँ

55. मध्याह्न भोजन योजना 1995 में किस उद्देश्य से शुरू की गई ?
1. प्राथमिक विद्यालय के बच्चों का नामांकन, प्रतिधारण और उपस्थिति बढ़ाना
2. प्राथमिक विद्यालय के बच्चों की पोषण स्थिति में सुधार लाना
3. ग्रामीण परिवारों के बीच पढ़ने की आदत में सुधार करना
4. ग्रामीण विद्यालयों के बच्चों में टिफिन बॉक्स के उपयोग को प्रोत्साहित करना

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 4
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 4

56. The President of India is elected by the members of an electoral college consisting of elected members of :

1. Both Houses of Parliament
2. The Legislative Assemblies of the States
3. Union Council of Ministers

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) 1 and 2
(d) 2 and 3

57. The responsibility of preparation of electoral rolls in India rests with :

(a) The Parliament
(b) The Local Administration
(c) The Election Commission
(d) The Returning Officer

58. At the time of becoming the Prime Minister of our country one :

(a) Must be a member of one of the Houses of the Parliament. If not, must become a member of one of the Houses within Six months.
(b) Need not necessarily be a member of one of the Houses of Parliament but must get elected as a member of Lok Sabha within Six months.
(c) Must be a member of one of the Houses of Parliament prior to appointment.
(d) Must be a member of Rajya Sabha.

59. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the lists :

| List-I (Commission) | List-II (Chairperson) |
|---|---|
| A. Second Administrative Reforms Commission | 1. Vijay Kelkar |
